# गोपाल मंदिर क्षेत्र का होगा कायाकल्प, प्रभावितों को मिलेंगी नई दुकानें

- 26 करोड़ की लागत से बनेगा भव्य कॉम्प्लेक्स
- गोपाल मंदिर छत्री चौक के व्यापारी आज जाएंगे नगर निगम
- नवभारत की खबर का हुआ असर

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. गोपाल मंदिर क्षेत्र में प्रस्तावित चौड़ीकरण और विकास कार्यों के तहत, रीगल टॉकीज की ज़मीन पर एक नया और भव्य कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और पार्किंग स्थल बनाने की योजना है. इस योजना से प्रभावित होने वाले दुकानदारों को नई दुकानें दिए जाने पर मोहर लगा दी गई है.**

नवभारत ने रीगल टॉकीज, छत्री चौक गोपाल मंदिर के आसपास चौड़ीकरण और नए कॉम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसमें क्षेत्रीय दुकानदारों व्यापारियों के दर्द को भी बयां किया था कि चौड़ीकरण और नए निर्माण की वजह से दुकान खाली करना पड़ रही है तो इनका रोजगार प्रभावित होगा. ऐसे में नगर निगम ने इस खबर पर संज्ञान लिया है और आसपास क्या है कि व्यापारियों को नई दुकान दी जाएगी.

**मुख्यमंत्री ने भी कहा था व्यापारियों का रखेंगे ध्यान**–इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमिपूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 27 अगस्त को किया था. कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि इस नए निर्माण के बाद गोपाल मंदिर चौक का क्षेत्रफल दोगुना हो जाएगा, जिससे बाबा महाकाल की सवारी, सिंहस्थ की पेशवाई, और हरि-हर मिलन जैसे बड़े आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन आसान होगा और नागरिकों को अधिक सुविधा मिलेगी. मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया था कि इस योजना में रोजी-रोटी कमाने वालों (दुकानदारों) को भी ध्यान में रखा गया है, और उनके लिए उचित व्यवस्था की जाएगी.



**3600 वर्ग फीट जमीन, 26 करोड़ से निर्माण**–यह विकास कार्य लगभग 3600 वर्ग फीट ज़मीन पर 26 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जाएगा. नए व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में नई दुकानें बनाई जाएंगी, जिनमें पूर्व के प्रभावित दुकानदारों का पुनर्वास किया जाएगा.

**योजना पर एक नजर**–उक्त कॉम्प्लेक्स में दो बेसमेंट पार्किंग का निर्माण होगा, जिसमें एक साथ 92 चारपहिया और 70 दोपहिया वाहन पार्क किए जा सकेंगे. प्रस्तावित कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड फ्लोर पर 28 दुकानें और पहली मंजिल पर 8 दुकानें व 9 शोरूम/ऑफिस बनाए जाएंगे. निर्माण के बाद 14,000 वर्ग फीट की खुली भूमि उपलब्ध होगी, जिसका उपयोग धार्मिक सवारियों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए किया जा सकेगा.

**पुराने शहर में आधुनिक सुविधा**

रीगल टॉकीज, छत्री चौक, और गोपाल मंदिर के आस-पास के क्षेत्र में होने वाले इस निर्माण से उज्जैन का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और यह शहर धार्मिक, सांस्कृतिक नगरी के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से लैस शहर भी बन सकेगा. नगर निगम में आज अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से चर्चा करने के लिए प्रभावित दुकानदार और क्षेत्रीय व्यापारी मिलने के लिए जाएंगे.

## एक नजर में

### भाजपा का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**महिदपुर।** प्रदेश भाजपा के आव्हान में जिले सहित तहसीलों में भाजपा का सक्रिय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में महिदपुर में भी भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आगमन हुआ जिनका भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारियों ने स्वागत सत्कार किया और यहां आयोजित आम सभा को प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित भी किया। इस अवसर पर राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला के आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा ऐसा संगठन जो कि विचारधारा से चलता आ रहा है। भाजपा की इसी विचारधारा को लेकर आज इस मुकाम पर पहुंचा। जबकि कांग्रेस ने अपनी विचारधारा से वर्ग विशेष को बढ़ा दिया और आज इस प्रकार उसका हाल हुआ है। आम सभा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्री बड़ा सराफा व्यापारी संघ ने किया वरिष्ठों का सम्मान




**उज्जैन।** श्री बड़ा सराफा व्यापारी संघ द्वारा दिपावली मिलन एवं वरिष्ठों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संस्था वरिष्ठ सदस्य ताराचंद लेखवानी, नारायणदास कर्मवानी, अशोक जैन का सम्मान शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष रवि प्रकाश बंसल द्वारा स्वागत भाषण तथा सदस्य परिवारजनों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं गई। संचालन उपाध्यक्ष संजय कोठारी द्वारा किया गया। इस दौरान सचिव अजय यादव, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मोड़ व संजय मिलन, शैलेन्द्र कोठारी, दीपक डागरिया, विशाल जैन, दिनेश जैन अभिषेक जैन, गौरव कोठारी, धर्मेंद्र परिहार, प्रवीण जैन, किशोर लेखवानी, संतोष पोरवाल, रूपेश चतर, जय सोलंकी, नरेन्द्र नाकोड़ा आदि सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। यह जानकारी संघ प्रचार मंत्री अवतार सिंह जुनेजा ने दी।

### प्रभु प्रेमी संघ परिवार 5 नवंबर को मनाएगा अन्नकूट महोत्सव, प्राकट्य उत्सव



**उज्जैन।** प्रभु प्रेमी संघ परिवार द्वारा 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर अन्नकूट महोत्सव एवं प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। संस्था अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि स्वामी अवधेशानंद गिरीजी महाराज की संस्था प्रभु प्रेमी संघ परिवार के अनुयायियों द्वारा 5 नवंबर बुधवार शाम 4:30 बजे से शुभारंभ गार्डन रुक्मिणी मोटर्स के पीछे देवास रोड़ उज्जैन में अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा पर गुरुदेवजी का जन्मोत्सव एवं 56 भोग प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। साथ ही गुरु सत्संग किया जायेगा।

### 1 नवंबर को मनाया जाएगा श्री खाटू श्याम का जन्मोत्सव

**उज्जैन।** प्रतिवर्षानुसार पांचवें वर्ष भी श्री वीर तेजाजी भक्त मण्डल समिति के तत्वावधान में 1 नवंबर शनिवार कार्तिक सूदी एकादशी को बाबा खाटू श्यामजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। संयोजक मुरलीधर सोनी के अनुसार हवन-पूजन, भजन कीर्तन के साथ श्री खाटू श्यामजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। शाम 07:30 बजे भव्य आरती एवं प्रसादी का वितरण किया जायेगा। श्री वीर तेजाजी भक्त मण्डल समिति के संयोजक मुरलीधर सोनी एवं सदस्यगण मनीष सोनी, सतीश परिहार, मनोज सोनी, केशव नगर मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र खत्री, पार्षद महोदय कैलाश प्रजापत, संग्राम सिंह भाटिया, महेन्द्र परिहार, नीरज परिहार, कपिल टांक, सतोष कोलवाल, बसंत परिहार, राजेन्द्र सिंह, शुभम सोनी, शारदा सोनी, हेमा शर्मा, रेखा राजपूत एवं स्थानीय निवासीगण ने उज्जैन शहर की धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि 1 नवंबर शनिवार को श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर श्री खाटू, श्याम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### श्री परशुराम मंदिर पर अन्नकूट और महाआरती आज

**उज्जैन।** कार्तिक मास आंवला नवमी के पावन पर्व पर चाणक्यपुरी स्थित श्री परशुराम मंदिर पर अन्नकूट और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। अभा युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अर्पित पुजारी ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार, ब्राह्मणों के आराध्य श्री परशुराम जी का मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा, विशाल, अद्भुत और भव्य मंदिर चाणक्यपुरी, नानाखेड़ा उज्जैन में स्थित है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आंवला नवमी के पावन पर्व 31 अक्टूबर शुक्रवार को अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज और श्री परशुराम पारमार्थिक सेवा न्यास के तत्वाधान में भगवान श्री परशुराम जी का भव्य अभिषेक पूजन कर शाम 7 बजे अन्नकूट महाभोग लगाकर महाआरती की जाएगी।

## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए

**उज्जैन।** गोपाष्टमी पर ब्रह्मलीन हिंदूधर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज के संकल्प को पूर्ण करने के लिए सामाजिक संस्था श्री चंद्रमोलेश्वर सेवा समिति ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया। जिसमें गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने एवं संपूर्ण भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गोवंश संरक्षण हेतु ठोस कार्रवाई किए जाने के संबंध में संस्था अध्यक्ष ने बताया गया कि भारतवर्ष की सांस्कृतिक धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान गौ माता के प्रति बढ़ते अत्याचार तस्करी और गौ हत्या की घटनाएं राष्ट्र की आत्मा को आहत कर रही है।

मध्य प्रदेश में निरंतर गौ तस्करी गौ हत्या और गोवंशीय उत्पादों के अवैध व्यापार की घटनाएं बढ़ रही है इन पर नियंत्रण हेतु शासन द्वारा बनाए गए मध्य प्रदेश गौ वंश वध प्रतिषेध अधिनियम का पालन कई स्थानों पर नाम मात्र रह गया है। अत: श्री चंद्र मोलेश्वर सेवा समिति जिला उज्जैन मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री से मांग अत्यंत गंभीरता एवं राष्ट्रीय हित में करते हैं कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने हेतु मध्य प्रदेश विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार को अनुशंसा की जाए।

संपूर्ण भारतवर्ष में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु केंद्र सरकार पर मध्य प्रदेश शासन दबाव बनाए एवं ठोस विधायी पहल करें। गो तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा इसके लिए विशेष निगरानी एवं जांच दल का गठन किया जाए। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पं. गोपाल व्यास, सचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष अलका शर्मा, अनामिका सिकरवार, सीमा खांडेकर, जयकिशन वंशीधर, रोहित बैरागी, आनंद शर्मा आदि गौ सेवक उपस्थित हुए। जानकारी संस्था सचिव पं. गौरव शर्मा ने दी।

## शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में दो दिवसीय युवा उत्सव संपन्न

**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में युवा उत्सव एवं साहित्यिक सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में 27 और 28 नवम्बर को दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस डॉ. प्रभाकर मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार माहोर एवं डॉ शालिनी विजयवर्गीय के नेतृत्व में क्रमश:भाषण, प्रश्न मंच व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस डॉ प्रभाकर मिश्र, श्रीमती राधा वर्मा व हुंमेरा खान एवं शैलेंद्र सेंगर के नेतृत्व में क्रमश: वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला एवं एकल गायन प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रतियोगिताओं में डॉ. जाकीरुद्दीन अहिंगर, डॉ. घनश्याम सिंह, डॉ. नानूराम मुवेल, मोनिका बैरागी, डॉ. सपना पटेल व उजमा चौधरी का सक्रिय सहयोग रहा। अध्यक्षता कर रहे डॉ. जाकिरुद्दीन अहिंगर ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किया जावेगा एवं इसके द्वारा चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन युवा उत्सव प्रभारी डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



## भूमि दान से दी अमर श्रद्धांजलि, साकार हुआ संस्कार और सेवा का संगम

**उज्जैन। भारतीय संस्कृति में भूमि दान को सर्वोत्तम दान कहा गया है, क्योंकि यह केवल भौतिक संपत्ति का दान नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को स्थायी आधार देने वाला पुण्य कर्म है। भूमि दान ऐसा अमर कार्य है जो पीढ़ियों तक समाज को दिशा, दृढ़ता और संगठन का संदेश देता है।**

यह संस्कार, श्रद्धा और सेवा का ऐसा संगम है। जिससे समाज में एकता और समृद्धि के वृक्ष सदैव फलते-फूलते रहते हैं। इसी परंपरा को जीवंत करते हुए, श्री राठौर क्षत्रिय तेली समाज ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी स्व. भेरूलाल जी राठौर, स्व. गोविन्द राठौर, नानूराम जी राठौर की पावन स्मृति एवं श्रीमती भागवंती देवी राठौर की पगड़ी रस्म के अवसर पर उनके पुत्र दिनेश राठौर एवं पौत्र राठौर समाज नगरसभा उपाध्यक्ष गोपाल राठौर पत्रकार, रोहित गेहलोद, राहुल गेहलोद, चेतन गेहलोद और महेन्द्र गेहलोद (नानू) ने समाजहित में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।



सचिव धर्मेन्द्र मगरवा ने बताया कि परिवार ने श्री राठौर समाज श्री मदनमोहन वाटिका, सदावल रोड, उज्जैन हेतु भूमि दान स्वरूप 1 लाख 11 हजार 100 का चैक श्री राठौर क्षत्रिय तेली समाज ट्रस्ट को भेंट किया। इस श्रेष्ठ कार्य से परिवार ने न केवल अपने पूर्वजों की पवित्र स्मृति को अमर किया, बल्कि समाज विकास में अमूल्य योगदान भी दिया।कार्यक्रम में परिवार को समाज का संस्थापक सदस्य घोषित किया गया। इस अवसर पर समाज के मार्गदर्शक तेजकुमार राठौर, संरक्षक श्री शिवनारायण राठौर, आशीष राठौर, राजेन्द्र परमार, नगरसभा अध्यक्ष छगनलाल राठौर, युवा अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, पत्रकार सूरज मेहता, कवि सुनील गाईड, पत्रकार राहुल राठौर अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मार्गदर्शक तेजकुमार राठौर ने कहा राठौर परिवार द्वारा किया गया यह भूमि दान केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि संस्कारों और समाज के प्रति निष्ठा का प्रतीक है।

## स्नेह में बच्चों संग बांटी खुशियां, प्रसन्न हुआ सबका तन-मन

**महिदपुर। यूं तो संसार भर में लोग अपना जन्म दिवस परंपरागत प्रचलित आम तरीके से ही मनाते हैं। केक काटकर और अपने अपनों में रच- बसकर पर कुछ विलक्षण व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो आम तरीकों से अलग हटकर सेवा कार्यों से अपना अवतरण दिवस मनाकर अपने मन-मस्तिष्क को प्रफुल्लित और आनंदित कर लेते हैं।**

निकटवर्ती नागदा में दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु कार्यरत संस्था स्नेह में बुधवार को युवा उद्योगपति,गौरिक दूध के संचालक सुभाष ठाकुर एवं उनके बड़े भाई मनोहर ठाकुर का अवतरण दिवस विशेष रूप से मनाया गया। इस अवसर पर दोनों भाइयों ने स्नेह के विशेष बच्चों के साथ केक काटा, स्कूल बैग एवं चॉकलेट वितरित किए तथा सभी बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा।

स्नेह परिसर में हुए इस स्नेहमयी समारोह में ठाकुर बंधुओं ने बच्चों से मिलकर अपार आनंद व्यक्त किया और संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की हृदय से सराहना की। उन्होंने कहा कि स्नेह जैसी संस्थाएँ समाज के लिए प्रेरणा हैं,जहां नि:स्वार्थ भाव से दिव्यांग बच्चों के जीवन में उजाला भरा जा रहा है। कार्यक्रम में स्नेह के संस्थापक डॉ.पंकज मारू ने दोनों अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सुभाष ठाकुर एवं उनके परिवार ने स्नेह से स्थायी रूप से जुड़ने का संकल्प लिया है और भविष्य में भी संस्था की गतिविधियों में निरंतर सहयोग देंगे। इस अवसर पर स्नेह के स्टाफ सदस्य,बच्चे, अभिभावक एवं ठाकुर परिवार के अनेक शुभचिंतक महेंद्र ठाकुर, राहुल ठाकुर, दिनेश सारडा, आयुष डोसी, मनोज यादव, सचिन आर्य, दीपक मल्होत्रा, संजय आचार्य, आशीष पालीवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम हर्ष, आत्मीयता और सामाजिक सरोकार का सुंदर संगम रहा।

**एक नजर** — श्री ऋषि संस्कृति गुरुकुल की प्रबधंक विदूषी विष्णुदेवी शर्मा का 75वां जन्मोत्सव 'अभिनंदन महोत्सव' के रूप में सम्पन्न

## आने वाली पीढ़ियों के लिए दीपस्तंभ बनेंगे गुरुमाता के बोए संस्कार

### गुरुकुल में गुरुमाता समान भूमिका निभाने वाली विष्णुदेवी शर्मा ने दान व छात्रवृत्ति योजना से नई मिसाल कायम की

**उज्जैन। उज्जैन की प्रख्यात समाजसेवी, विदूषी और ममतामयी व्यक्तित्व की धनी विष्णुदेवी शर्मा का 75वां जन्मोत्सव हर्ष और भावनाओं से ओत-प्रोत 'अभिनंदन महोत्सव' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर श्री ऋषि संस्कृति संवर्धन गुरुकुल के संस्थापक व परमाचार्य डा. देवकरण शर्मा ने कहा कि गुरुमाता विष्णुदेवी शर्मा ने अपने जीवन से जो संस्कार बोए हैं, वही आने वाली पीढ़ियों के लिए दीपस्तंभ बनेंगे। महोत्सव में शहर और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समाजजन, परिजन, आचार्य और गुरुकुल प्रतिनिधि एकत्र हुए।**

चिंतामण गणेश रोड स्थित श्री ऋषि संस्कृति गुरुकुल आश्रम की प्रबंधक श्रीमती शर्मा आश्रम में अध्ययनरत बटुकों और आचार्यों के लिए 'गुरुमाता' के रूप में पूजनीय हैं। संघर्षपूर्ण जीवन में भी उन्होंने अपने स्नेह, सरलता और संयम से न केवल आश्रम व परिवार, बल्कि समाज के अनेक जीवनों को प्रभावित किया है।

**आचार्यों व समाजजनों की उपस्थिति**

कार्यक्रम में श्री ऋषि संस्कृति संवर्धन गुरुकुल के संस्थापक परमाचार्य डा. देवकरण शर्मा, वानप्रस्थी आचार्य विष्णुप्रसाद शर्मा, संस्कृताचार्य श्री हरिनारायण शास्त्री, वरिष्ठ व्यंग्य लेखक डॉ. हरीशकुमार सिंह, शैलेश लेले सहित अनेक संत, आचार्य और समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि श्रीमती विष्णुदेवी शर्मा का जीवन संस्कार, सेवा और मातृत्व का जीवंत उदाहरण है, जहां परिश्रम में दृढ़ता है, आस्था में करुणा है और व्यवहार में स्नेह की मधुरता है। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर शर्मा ने किया और आभार सुभाष पाठक ने व्यक्त किया।

**दान और छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत**–महोत्सव के आयोजक सेवानिवृत्त एडिशनल कमिश्नर डॉ. धर्मपाल शर्मा ने बताया कि गुरुमाता के जन्मोत्सव पर समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न गुरुकुलों, गौशालाओं, धर्मशालाओं और संस्थाओं को मुक्तहस्त से दान दिया गया। साथ ही, उनके पुत्र आईएएस कर्मवीर शर्मा ने उनकी प्रेरणा से 'श्रीमती विष्णुदेवी शर्मा छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार योजना' आरंभ की। इस योजना के अंतर्गत प्रदेशभर की कक्षा 12वीं, 10वीं और 8वीं की परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को नकद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कथक साधिका दीप्ति शर्मा व बाल कलाकार पयस्विनी शर्मा ने मंत्रमुग्ध कर देने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

**डाक्युमेंट्री फिल्म में जीवंत हुआ संघर्ष**–गुरुमाता विष्णुदेवी शर्मा के जीवन संघर्ष, समाज को समर्पित कार्यों और धर्म के लिए दिए गए समर्पण पर एक डाक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। बालीवुड फिल्मों में एडिटर रहे यशोवर्धन शर्मा द्वारा तैयार इस डाक्युमेंट्री में गुरुमाता द्वारा देश, धर्म, समाज व बटुकों के लिए किए गए कार्यों तथा अपने जीवन संघर्ष से समाज को दिशा देने का संदेश दिया गया।